## एक नजर में



### आज धूमधाम से मनाएंगे शबरी जयंति

**ब्यावरा 23 फरवरी, का.** आज शबरी जयंति के असार पर भील-भिलाला समाज द्वारा ब्यावरा शहर में चल समारोह निकाला जाएगा. जिला स्तरीय आयोजन में चल समारोह गायत्री मंदिर से सुबह 10 बजे से बड़े धूम धाम से आदिवासी नृत्य टीम के साथ शुरू होगा. जो कि इंदौर नाका –अहिंसा द्वार–पीपल चौहरा–बस स्टैंड सुठालिया रोड मंडी गेट से होते हुए क्लब ग्राउंड (खेल मैदान) पहुंचेगा. यहां सभा आयोजित होगी. मां शबरी समिति ब्यावरा द्वारा सभी सामाजिक बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपल की है.

### बाइक चोरी के मामलों में संदेही से की पूछताछ

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 फरवरी, का.** बाईक चोरी के लगातार आ रहे मामलों और शिकायतों के बाद ब्यावरा सिटी थाना पुलिस सरगर्मी से गिरोह की तलाश कर रही है. बाईक चोरी से जुड़े और अपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों की धरपकड़ और पूछताछ की जा रही है. मामले में एक संदेही को पुलिस ने पकड़ा और पूछताछ की है. हालांकि कोई लीड नहीं मिलने पर उसे छोड दिया. पुलिस सूत्रों के अनुसार ब्यावरा थाना पुलिस कुंभराज के क्षेत्रों में भी खोजबीन कर रही है. वहीं चोरी वाले घटनास्थलों के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की जा रही है. हालांकि पुलिस को अब तक कोई लीड नहीं मिल पाई है.

### घुमन्तु गौरव कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 फरवरी,का.** स्थानीय पब्लिक क्लब ग्राउण्ड में विमुक्त घुमन्तु अर्धघुमन्तु समाज विकास समिति द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. इसका शुभारंभ विगत 16 फरवरी को हुआ और समापन 26 फरवरी को होगा. समिति के सदस्यों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य घुमन्तु समाज के युवाओं में खेल भावना को बढावा देना है. टूर्नामेंट में कई बच्चे प्रतिभागी के रूप में और कई गणमान्य बंधु अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

### भाजपा नेता गोपाल जाटव बने प्रशिक्षण सह प्रभारी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 23 फरवरी,का.**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा में नगर के वरिष्ठ पार्षद गोपाल जाटव को मोर्चा के प्रदेश प्रशिक्षण सह प्रभारी पद पर नियुक्त किया है. श्री जाटव भाजपा के वरिष्ठ और निष्ठावान कार्यकर्ता, पार्षद है. उनकी नियुक्ति पर पार्टी संगठन के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री जाटव को बधाई दी है.


### उद्घोषणा

मेरा नाम जगदीश सिंह सिसोदिया पिता का नाम नारायणसिंह सिसोदिया जाति सौंधिया उम्र 37 वर्ष धंधा कृषि निवासी धामन्याजोगी तहसील खिलचीपुर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र. के आधारकार्ड, पेनकार्ड, बैंक पासबुक आदि में मेरा नाम जगदीश सिंह सिसोदिया दर्ज है. जबकि अंकसूची में मेरा नाम जगदीशसिंह पिता नारायणसिंह अंकित है. जगदीश सिंह सिसोदिया एवं जगदीश सिंह दोनो नाम का मैं एक ही व्यक्ति हूँ, दोनों ही नाम से मुझे जाना पहचाना व पुकारा जाता है.


# जिला अस्पताल में दुर्लभ कैंसर का ऑपरेशन

## जिला अस्पताल में बड़ी और जटिल सर्जरी में सफल रहे डॉक्टर, मरीज अब खतरे से बाहर, मिली राहत

**शहरों में करीब डेढ़ लाख के खर्च के बाद होने वाला उपचार सरकारी व्यवस्था में हुआ**

**लिंग में कैंसर के ट्यूमर को निकालकर बाहर किया**

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 23 फरवरी, का. जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों ने दुर्लभ लिंग कैंसर से पीड़ित 35 वर्षीय मरीज का सफल ऑपरेशन किया है. सरकारी अस्पताल में किए गए इस जटिल शल्य उपचार की क्षेत्र में सराहना हो रही है.**

मरीज तकलीफ बढने पर जिला अस्पताल पहुंचा. यहां चिकित्सकों ने जांच कराई जिसमें क्रिटिकल कंडीशन होने पर तुरंत उपचार का निर्णय लिया गया. मरीज फिलहाल खतरे से बाहर है और परिजनों ने राहत महसूस की.



### जांच के बाद तुरंत ऑपरेशन किया

जानकारी के अनुसार हलाहेड़ी गांव, तहसील खिलचीपुर निवासी 35 वर्षीय भवरलाल 23 फरवरी को लिंग में तीव्र सूजन, असहनीय दर्द एवं पेशाब रुकने की गंभीर शिकायत लेकर अस्पताल पहुंचे थे. जांच में यह लिंग कैंसर का ज्ञात मामला पाया गया. स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तत्काल आपातकालीन ऑपरेशन की योजना बनाई. सिविल सर्जन डॉ रजनीश शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक लक्षणों की अनदेखी न करते हुए समय पर अस्पताल पहुंचना जीवनरक्षक सिद्ध हुआ. जिला अस्पताल में उपलब्ध विशेषज्ञ सेवाओं से अब जटिल और दुर्लभ ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय मरीजों को बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ रहा है.

### 5 सेंटीमीटर की गठान का ऑपरेशन किया

शल्य क्रिया के दौरान लिंग पर लगभग 5 बाय 5 सेंटीमीटर की गांठ पाई गई, जिसमें नाजुक ऊतक थे और स्पर्श करने पर रक्तस्राव हो रहा था. चिकित्सकों ने कैंसरग्रस्त भाग को हटाते हुए आंशिक पेनेक्टॉमी की तथा आवश्यक कैथेटराइजेशन कियाष्ठ इसके बाद लिंग का पुनर्निर्माण भी सफलतापूर्वक किया गयाष्ठ ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत स्थिर बताई जा रही हैष्ठ यह जटिल ऑपरेशन शल्य चिकित्सक डॉ. अंकुर देशवाली द्वारा किया गया. अस्पताल प्रबंधन के अनुसार यह कैंसर अत्यंत दुर्लभ होता है और लगभग एक लाख लोगों में से एक व्यक्ति में पाया जाता है. सामान्यतः इस प्रकार के ऑपरेशन में निजी अस्पतालों में करीब 1.5 लाख रुपये तक का खर्च आता है, लेकिन जिला अस्पताल में यह उपचार शासकीय व्यवस्था के अंतर्गत किया गया, जिससे मरीज को आर्थिक राहत मिली.





फॉलोअप



# बिना रैलिंग का पुल बना हादसे का कारण

## रविवार शाम हुए हादसे में घायल हुए ससुर-दामाद की हालत स्थिर

नवभारत न्यूज

**तलेन 23 फरवरी, सं. एक दिन पूर्व रविवार की शाम टिकोद के समीप पार्वती नदी के पुराने पुल से गिरने से ससुर-दामाद को गंभीर चोटें आई थी. उन्हें शुजालपुर रेफर किया गया था जहां उनकी हालत स्थिर है. हादसे का कारण पुल पर रैलिंग नहीं होना सामने आ रहा है. कई जगह रैलिंग टूट चुकी है. इसी कारण दोनों बाईक सवार करीब 15 फीट नीचे सूखी नदी में जा गिरे.**

जानकारी के अनुसार दीपक कुमार पटलावदा 22 वर्ष और उनके ससुर 42 वर्षीय खाम सिंह निवासी टिकोद अपने गांव टिकोद की ओर जा रहे थे. शाम करीब साढ़े 8 बजे पुल से नीचे गिर गए.

जहां बाईक टकराई वहां रैलिंग नहीं थी. सौभाग्य से दोनों बच गए. शुजालपुर में उपचार जारी है और हाल स्थिर बताई जा रही है. इधर प्रत्यक्षदर्शियों और आसपास के ग्रामीणों के अनुसार रैलिंग काफी दिनों से टूटी है. इसे सुधारा जाना चाहिए. बड़ी मात्रा में ट्रैफिक यहां से गुजरता है. ऐसे में रात में अंधेरे में कभी कोई बड़ी दुर्घटना भी हो सकती है.



# तहसीलदार के अभद्र व्यवहार पर लामबंद हुए पटवारी

## पटवारियो की मांग पर ध्यान नहीं देने की शिकायत

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ 23 फरवरी, सं. तहसीलदार विराट अवस्थी की कार्यप्रणाली से नाराज पटवारी संघ ने सोमवार को तहसीलदार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया. इस दौरान संघ के बैनर तले कोठी बाग में पटवारी एकत्रित हुए और तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर शब्दो के तीखे प्रहार किए.**

इस दौरान पटवारियों ने अपनी समस्याओं से सम्बंधित ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपकर मामले में कार्यवाही की मांग की है. पटवारी संघ ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए तहसीलदार को हटाने की मांग की है, पटवारियों का कहना है कि यदि तहसीलदार को नही हटाया गया तो वे काम नही करेंगे. इस दौरान अध्यक्ष हेमंत सक्सेना, सचिव विनोद सक्सेना, बब्लू चौधरी, विजय साहू, सुनील यादव, मनीष जायसवाल सहित बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद थे. देखने मे आया है कि तहसीलदार अवस्थी के हठधर्मी रवैये से न केवल पटवारी परेशान है बल्कि आमजनों को भी समस्याएं झेलना पड़ती है. छोटे छोटे कामो के लिए तहसील कार्यालय में परेशान लोगो के आये दिन मामले सामने आते रहते है.

**ज्ञापन में गिनाई समस्याएं–** पटवारियों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि कई बार लिखित ओर मौखिक शिकायतों के बाद भी डीए का भुगतान नहीं किया जाता. समयमान-वेतनमान का भी नही मिल रहा लाभ नवीन पटवारियों को नही मिल रहा फरवरी का वेतन हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी पटवारी राघवेंद्र मीणा, अर्चना प्रजापति को एरियर का नही कर रहे भुगतान, मांग करने पर नही मिल रही अभद्रता कृषि संगणना भुगतान बाकी, देर शाम लेते है मीटिंग.

महिला पटवारी को होती है अभद्रता इमरजेंसी के दौरान भी पटवारियों का अवकाश आवेदन निरस्त कर तहसीलदार अभद्रता करते है. फार्मर आईडी में निरन्तर प्रोग्रेस के बाद भी पटवारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है.

# थम नहीं रहा नलों से दूषित पानी का आना

**सोमवार को भंवरगंज क्षेत्र में आया काफी मटमैला पानी**

**लाख दावों के बाद भी आये दिन दूषित पानी आने से चिंतित लोग**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 23 फरवरी, का.** नगर में पेयजल सप्लाई के दौरान कई क्षेत्रों में दूषित, मटमैला व कहीं-कहीं पर दुर्गंधयुक्त पानी आने का सिलसिला चला आ रहा है. नपा के प्रयासों के बाद भी कई जगह आज भी पेयजल सप्लाई के दौरान दूषित पानी आना जारी है, सोमवार को नगर के भंवरगंज क्षेत्र में काफी मटमैला पानी आया जो कि चिंता का विषय है.



जानकारी के अनुसार सोमवार को भंवरगंज क्षेत्र में लगभग आठ दिनों बाद पेयजल सप्लाई हुई, किंतु नलों से काफी मटमैला पानी आते देख लोग सकते में आ गये. शुरु में तो यह सोचकर पानी नहीं भरा कि थोड़ी देर बाद साफ पानी आ जावेगा लेकिन जब देर तक पानी साफ नहीं आया तो मजबूरन उसी मटमैला पानी को भरने लगे.

### इंदौर की घटना के बाद सक्रिय हुआ था अमला

इंदौर के भागीरथपुरा में विगत दिवस दूषित पानी पीने से हुई मौतो की घटना के बाद स्थानीय नपा प्रशासन द्वारा नगर में पेयजल सप्लाई लाईनों का चेक करना शुरु किया गया. कई जगह लीकेज मिले जिन्हें दुरस्त किया गया. परन्तु अभी भी कई बार नलों से मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी आ जाता है. सोमवार को भी ऐसा ही कुछ देखने को मिला जब भंवरगंज क्षेत्र में मटमैला पानी आया. उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व तक स्थानीय राजगढ़ रोड क्षेत्र सहित कुछ अन्य जगहों पर पेयजल सप्लाई के समय नलों से काफी दूषित मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी आ रहा था. यहां पर भी लीकेज मिले जिन्हें ठीक किया गया. बावजूद इसके कभी कभार सप्लाई के दौरान मटमैला और दुर्गंधयुक्त पानी आने लगता है.

### यादव समाज ने भावनाएं आहत करने वाली फिल्म का किया विरोध



**नवभारत न्यूज ब्यावरा 23 फरवरी, का.** सोमवार को यादव समाज द्वारा एकजुटता के साथ फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध करते हुए फिल्म पर तुरंत रोक लगाए जाने की पुरजोर मांग की गई. स्थानीय पीपल चौराहा पर अखिल भारतीय यादव महासभा के द्वारा फिल्म का विरोध करते हुए नायब तहसीलदार के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में फिल्म के टाइटल को आपत्तिजनक बताते हुए कहा गया कि फिल्म में समाज की छवि को गलत तरीके से दर्शाया गया है. जिससे भावनाएं आहत हुई है. फिल्म के प्रदर्शन पर तुरंत रोक लगाई जाये. अन्यथा मजबूरन उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होना पड़ेगा. इस दौरान बड़ी संख्या समाज बंधु उपस्थित रहे. प्रदर्शन के बाद नायब तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया.

### सुठालिया में बच्चा चोर गिरोह की आशंका से भय व्याप्त

**सुठालिया 23 फरवरी, सं.** एक मास्क पहने महिला की संदिग्ध हरकत से नगर में भय और कौतूहल मच गया. स्थानीय अग्रवाल पब्लिक स्कूल की एक छात्रा ने बताया कि स्कूल से घर लौटते समय एक अज्ञात महिला ने उसको पकड़ने का प्रयास किया. इस घटना की जानकारी बालिका द्वारा अपने पिता और परिवारजनों को बताने पर उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी. बालिका के पिता अश्विनी गुप्ता ने स्थानीय पुलिस को तथा सोशल मीडिया के माध्यम से बच्ची के साथ बीती घटना से ड्डअवगत कराया. उनके अनुसार सायंकाल 4 बजे के लगभग बालिका के स्कूल से लौटते समय एक मास्क पहले अज्ञात महिला ने बालिका को उस समय झपटने पर प्रयास किया जब वह बस से उतरकर घर में जा रही थी. इस मामले में बालिका के पिता ने व्यापारिक संघ व नगर के प्रमुख लोगों को अवगत कराया है. जानकारी के अनुसार इस संबंध में व्यापारी संघ मंगलवार को पुलिस प्रशासन से मिलकर इस प्रकार की घटनाओं से अवगत कराएगा.



# पेयजल लाइन तोड़ी, 20 गांवों की जलापूर्ति ठप्प हुई

## पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन ने दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 23 फरवरी, का.** जिले की मोहनपुरा ग्रामीण समूह पेयजल योजना अंतर्गत ग्राम कालीपीठ में पेयजल पाइपलाइन को तोड़कर तालाब भरने का गंभीर मामला सामने आया है. प्राप्त जानकारी अनुसार किसान नाथू लाल/देवीलाल दांगी, विष्णु/रामप्रसाद दांगी एवं शिवनारायण/माताप्रसाद दांगी द्वारा मुख्य पेयजल लाइन को क्षतिग्रस्त कर पानी तालाब में छोड़ा जा रहा था. इस घटना के कारण क्षेत्र की 4 उच्च स्तरीय जल टंकियों से जुड़े लगभग 20 गांवों की पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में मध्यप्रदेश जल निगम राजगढ़ की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की. कार्रवाई के दौरान डीटीएल यौगेंद्र सिंह तोमर, असिस्टेंट इंजीनियर सुश्री जया शिवहरे तथा पुलिस थाना कालीपीठ का पुलिस बल एवं हल्का पटवारी मौजूद रहे. संयुक्त टीम द्वारा पाइपलाइन को तोड़कर तालाब भरने की गतिविधि को मौके पर ही बंद कराया गया एवं क्षतिग्रस्त लाइन की मरम्मत कर जलापूर्ति व्यवस्था पुनः सुचारू करने के निर्देश दिए गए. प्रशासन द्वारा संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है. डिप्टी टीम लीडर द्वारा स्पष्ट किया कि पेयजल योजनाएं आमजन को स्वच्छ पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जाती हैं, ऐसे में पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है. महाप्रबंधक जल निगम यूके चौधरी ने किसानों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि पेयजल योजनाओं की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं. भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं सामने आने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस संबंध में अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी श्रीमती निधि भारद्वाज द्वारा बताया कि जल निगम से पाइपलाइन क्षतिग्रस्त कर पानी का दुरुपयोग किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी. सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस थाना कालीपीठ को अवगत कराया गया, जिसके बाद प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर कार्रवाई सुनिश्चित की गई.

**कृषि मेला** श्रीअन्न (मिलेट्स) मेला एवं प्रदर्शनी नवाचार से लाभकारी खेती की ओर कदम

# श्रीअन्न मेला : वैज्ञानिक सोच और नवाचार से सशक्त होगा किसान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 23 फरवरी, का. किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से सांसद रोडमल नागर एवं कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में 03 दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सहप्रदर्शनी का आयोजन 23 से 25 फरवरी तक कृषि धाम मोहनपुरा डैम पर आयोजित किया जाएगा.**

साथ ही इस 03 दिवसीय मेले में पहले दिन सोमवार को मिलेट गैलरी, प्राकृतिक खेती तथा विभिन्न कृषि आदान की प्रदर्शनी लगाई गई. इसमें माइक्रोइरीगेशन (ड्रिप, स्प्रिंकलर) तथा ऑटोमेशन प्रमुख आकर्षण रहें. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि श्री अन्न (मिलेट्स) मेला सह प्रदर्शनी में उन सभी




किसानों को आमंत्रित किया गया है. जिन्होंने नवाचार किए हैं तथा उन्नत तकनीकों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाया है.

ऐसे प्रगतिशील किसानों के अनुभवों से राजगढ़ जिले के अन्य किसानों को लाभ मिलेगा और खेती को अधिक लाभदायक बनाया जा सकेगा. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कृषि विभाग के सभी कर्मचारियों को ई-अटेंडेंस एवं टूर डायरी समय पर प्रस्तुत करने के लिए बधाई दी. उन्होंने आमजन से अपेक्षा की कि मिलेट्स को अपने दैनिक खान पान में शामिल करें.

जिससे पोषण और स्वास्थ्य दोनों में सुधार होगा. मेले में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक किसानों की सभी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे, जिससे यह आयोजन वास्तव में उपयोगी सिद्ध होगा.

भाजपा जिला अध्यसक्ष एवं जिला विकास एवं निगरानी समति सदस्यस ज्ञान सिंह गुर्जर ने किसानों से आह्वान किया कि इस मेले का पूरा लाभ लें, जैविक खेती को अपनाएं तथा प्राकृतिक व उन्नत पद्धतियों से उत्पादन बढ़ाकर अपनी आय में वृद्धि करें. सांसद रोडमल नागर ने कहा कि कृषि जगत में नेतृत्व करने वाले सभी व्यक्तियों का वे अभिनंदन करते हैं, जो आज इस मेले में उपस्थित हुए हैं. उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों से अनुरोध किया कि वे खेती को अधिक लाभकारी बनाने हेतु मार्गदर्शन दें. इस कार्यशाला में किसान नई तकनीकों, रोगों के उपचार एवं उन्नत कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करें. श्री अन्न (मिलेट्स) मेला सह प्रदर्शनी में किसान कल्याण तथा कृषि विभाग, एग्रीटेक/कृषि तकनीक, एबीडीसी (नीम कोटेड यूरिया), मृदा परीक्षण / मृदा कुंडली, जैविक खेती ङ्क घरेलू उत्पादउन्नति, ए टू जेडएग्री सर्विस, जे फार्म, बीएएसएफ, आईआरसी / एग्री इनपुट (बीज), जेम एरिग्रेशन (ड्रिप/स्प्रिंकलर), सिंजेंटा, एग्रो स्टा र, राशी सीड्स, बायर क्रॉप साइंस, एडवांटा, कावेरी सीड्स, ग्रीनको / ग्रीन एग्री, कोठारी एग्रीटेक, उर्वरक / इनपुट कंपनियाँ, राफेल फर्टिलाइजर, आईएफएफसीओ, एनएफएल, सीआईएल (कोरोमंडल), आईपीएल, इंदोगल्फ + सल्फर, रवाना + माइक्रो न्यूट्रिएंट, साथ ही मंच से प्रगतिशील किसान रतन सिंह परमार, श्रीलाल सोंधिया, श्रीलाल चौहान को भी सम्मानित किया गया. इस अवसर पर सांसद रोडमल नागर, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं जिला विकास एवं निगरानी समिति सदस्य ज्ञान सिंह गुर्जर, जिपं अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, उप संचालक कृषि सचिन जैन सिहत कृषि विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे.